दिन–रविवार दिनांक– 26/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. देश भर में आज छिहत्तर वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगी।

03. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां अब से थोड़ी देर बाद पटना के गांधी मैदान में झंडोतोलन करेंगे। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन।

04. और, बिहार की सात विभूतियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा। महान लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को पद्म भूषण सम्मान।

———————————————————

राष्ट्र आज अपना छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित विजय चौक पर झंडोत्तोलन करेंगी। समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो मुख्य अतिथि हैं। परेड सुबह साढ़े दस बजे आरंभ होगी और लगभग नब्बे मिनट तक जारी रहेगी। समारोह में देशभर से लगभग दस हजार विशेष अतिथि आमंत्रित किये गये हैं। इनमें एक सौ अड़सठ विशेष अतिथि राज्य से शामिल हो रहे हैं। इस वर्ष कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में आठ वर्षों बाद बिहार की झांकी भी दिखेगी। राज्य की झांकी में ज्ञान और शांति की परंपरा को प्रदर्शित किया गया है। पुर्नस्थापित नालंदा विश्वविद्यालय के माध्यम से बिहार में प्राचीन विरासत के संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों और राजगीर स्थित घोड़ा–कटोरा जलाशय में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा को झांकी में जगह दी गयी है।

प्रदेश में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित हो रहा है। जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां सुबह नौ बजे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहरायेंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

वहीं, गया जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही मुख्य कार्यक्रम स्थल की ओर लोग जा रहे हैं।

---रिपोर्ट---

मुजफ्फरपुर जिले के जवाहर लाल स्टेडियम में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बच्चे, युवा और लोग हाथों में तिरंगा लेकर कार्यक्रम स्थल की ओर सुबह से ही जा रहे हैं।

---बाईट--- रिपोर्ट---

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर तिरानवे वीरता पुरस्कारों की घोषणा की है। इसमें सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मी हैं, जिनमें ग्यारह कर्मियों को मरणोपरांत इस पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। इनमें दो कीर्ति चक्र, एक कर्मी को मरणोपरांत, चौदह शौर्य चक्र- तीन कर्मियों को मरणोपरांत, एक सेना पदक, छियासठ सेना पदक, दो नौसेना पदक और आठ वायु सेना पदक शामिल हैं।

---

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के ग्यारह पुलिस पदाधिकारियों को पदक देने की घोषणा की है। इनमें नौ वर्तमान में बिहार पुलिस में कार्यरत हैं, जबकि दो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। राज्य के तीन पदाधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक, जबकि आठ को पुलिस पदक मिला है। गृह विभाग में विशेष सचिव और अपर पुलिस महानिदेशक केएस अनुपम तथा डीएसपी अनिल कुमार को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक मिलने की घोषणा की गई है। वहीं, कमांडेंट हरिमोहन शुक्ला, एसपी संजय कुमार, एसपी मनोज कुमार, दारोगा जय प्रकाश, दारोगा संजीत कुमार, दारोगा शशिकांत और सहायक अवर निरीक्षक अतिमेश कुमार उपाध्याय को सराहनीय सेवा के लिए पदक देने की घोषणा हुई है। वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल, एसएसबी में आइजी डा. परेश सक्सेना को राष्ट्रपति पदक और आइटीबीपी के डीआइजी मनु महाराज को सराहनीय कार्य के लिए दिया गया है।

---

प्रदेश के सात लोगों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

———बाइट———

पदम पुरस्कार प्राप्त करने वाली हस्तियों ने पुरस्कार दिये जाने पर केन्द्र सरकार का आभार प्रकट किया है। मुजफ्फरपुर जिले की सुजनी कला की कलाकार निर्मला देवी कहा कि उनके संघर्ष को सम्मान मिला है।

———बाइट——

हमारे जमुई संवाददात ने बताया कि जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ रही हैं।

———बाइट——

——————————————————————————

राज्य भर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया जा रहा है। पटना स्थित आकाशवाणी परिसर में उप महानिदेशक एच. डी. सिडाम ने झंडोत्तोलन किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

——————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि संसद में पेश **एक राष्ट्र एक चुनाव** विधेयक में सुशासन की शर्तों को फिर से परिभाषित किया गया है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने कहा कि संविधान ने पिछले पचहत्तर वर्षों से देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है।

———बाइट———

एक राष्ट्र एक चुनाव की व्यवस्था से शासन में निरंतरता को बढ़ावा मिल सकता है। नीति निर्धारण से जुडी निष्क्रियता समाप्त की जा सकती है। संसाधनों की अन्यत्र खर्च हो जाने की संभावना कम हो सकती है तथा वित्तीय बोझ को कम किया जा सकता है। इनके अलावा जन हित में अनेक अन्य लाभ भी हो सकते हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि हाल के वर्षों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं और किसानों तथा मजदूरों की आय बढी है।

———बाईट———

हमारे मजदूर भाई बहनों ने अथक परिश्रम करके हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर और मेन्यूफेक्चरिंग सेक्टर का कायाकल्प कर दिया। उनके शानदार प्रदर्शन के बल पर आज भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व के आर्थिक परिदृश्यों को प्रभावित कर रही है। आज का भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर नेतृत्व की स्थिति हासिल कर रहा है।

——————————————————————————

केन्द्रीय उर्जा और नवीकरणीय राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने कहा कि बांका जिले में विकास का काम किया जा रहा है। पंद्रह योजनाओं में से आठ का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मंत्री ने आईसीडीएस, वन प्रमंडल, कृषि, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा की समीक्षा की।

———बाइट———

———————————————————————————

राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में विभिन्न स्थानों पर भीषण ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, दरभंगा, वैशाली, सारण, गोपालगंज समेत विभिन्न जिलों में अभी भी शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————————

शिक्षा मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय की की ओर से आयोजित वीर गाथा प्रोजेक्ट फोर प्वाइंट–ओ के तहत मुंगेर जिले की तीन छात्राओं का चयन किया गया है। जिनमें निबंध के लिए अनुप्रिया, पेंटिंग के लिए रुची कुमारी और अंशुप्रिया शामिल है। इस प्रतियोगिता में राज्य के आठ सहित देशभर के सौ बच्चों का चयन किया गया है। चयन चयनित छात्राओं को नई दिल्ली के डीआरडीओ कार्यालय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रशस्ति पत्र और दस हजार रूपये नकद पुस्कार से सम्मानित किया।

———————————————————————————

मधेपुरा जिले के भर्राही के पास एनएच–एक सौ सात पर एक मोटरसाइकिल और हाईवा की टक्कर में एक छात्र की मौत हो गयी, जबकि एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने भारतीय स्टेट बैंक के एक रिपोर्ट को बड़ी खबर बनाया है – अखबार लिखता है – रेवड़ियां राज्यों को कंगाल कर देंगी। महिलाओं से जुड़ी मुफ्त योजनाएं आर्थिक चुनौति पेश करेंगी।

**दैनिक जागरण** की बड़ी खबर है – दिल्ली के कर्तव्य पथ पर दिखेगी विकास और विरासत की झलक।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – केंद्रीय कर्मचारियों के लिए पचास प्रतिशत निश्चित पेंशन के नियम जारी। पच्चीस वर्ष की नौकरी और अस्सी हजार रूपये औसत वेतन रहा, तो चालीस हजार मिलेगा पेंशन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. देश भर में आज छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है।
02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगी ।
03. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां अब से थोड़ी देर बाद पटना के गांधी मैदान में झंडोतोलन करेंगे। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन।
04. और, बिहार की सात विभूतियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा। महान लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को पद्म भूषण सम्मान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।